# सीएम टीवी पर करेंगे लाइव लक्ष्मी पूजन, दिल्ली वासियों से शामिल होने की अपील

## सीएम केजरीवाल ने लोगों से दीपावली पर पटाखे ना जलाने की अपील

**नई दिल्ली** ■ मेट्रो मीडिया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर इस बार दीपावली के पर्व पर पटाखे नहीं जलाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में प्रदूषण को सेहत के लिए काफी खतरनाक बताते हुए दिल्ली के दो करोड़ लोगों से किसी भी हालत में पटाखे नहीं जलाने की अपील की है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, इस बार दीपावली पर हम सभी दिल्लीवासी मिलकर एक साथ लक्ष्मी पूजन करेंगे। मैं अपने सभी मंत्रियों के साथ दीपावली, 14 नवंबर की शाम 7 बजकर 39 मिनट पर लक्ष्मी पूजन करूंगा, जिसका टीवी चैनलों पर सीधा प्रसारण होगा। इस दौरान सभी लोग अपने घरों में टेलीविजन ऑन करके हमारे साथ एक ही स्वर में लक्ष्मी पूजन करें। अगर दिल्ली के दो करोड़ लोग साथ मिल कर एक ही स्वर में लक्ष्मी पूजा करेंगे, तो दिल्ली के हर परिवार में मंगल ही मंगल होगा।



उन्होंने कहा, दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है, अगर हम पटाखे जलाते हैं, तो हम अपनी, अपने परिवार और पूरे दिल्ली के लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

दिल्ली में इस वक्त कोरोना और प्रदूषण दोनों का कहर छाया हुआ है।

इस स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली के लोग और दिल्ली सरकार मिलकर प्रयास कर रहे हैं।

प्रदूषण की वजह से कोरोना की स्थिति ज्यादा खराब हो रही है। हर साल इन दिनों में प्रदूषण होता है, क्योंकि पराली जलने का धुआं दिल्ली की तरफ आता है।

केजरीवाल ने कहा, दुख की बात यह है कि पिछले कई सालों से पराली जलने से यह प्रदूषण हो रहा है, लेकिन उन सरकारों ने अपने किसानों के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, पिछली बार हम लोगों ने दीपावली के समय पटाखे नहीं जलाने की सौगंध खाई थी। दीपावली पर पूरी दिल्ली के लोगों ने मिलकर कनॉट प्लेस के अंदर दीपावली मनाई थी। हम लोगों ने वहां पर लाइट शो रखा था और दिल्ली के सभी लोग कनॉट प्लेस आए थे। इस बार भी हम सब लोग मिलकर दीपावली मनाएंगे, लेकिन किसी भी हालत में पटाखे नहीं जलाएंगे।

## कोरोना से होने वाली मौतो में सभी मेट्रो शहरों से पीछे दिल्ली: सत्येंद्र जैन

**नई दिल्ली** ■ एजेंसिया

दिल्ली सरकार का दावा है कि कोरोना वायरस से संक्रमितों की संख्या बढ़ने के बावजूद दिल्ली में मृत्यु दर नियंत्रित है। कोरोना वायरस से बड़े शहरों में प्रति दस लाख जनसंख्या पर हुई मौतों के मामले में दिल्ली 17वें स्थान पर है।



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा, कोरोना वायरस से होने वाली मौतों के मामले में सभी मेट्रो शहरों में भी दिल्ली सबसे पीछे है। दिल्ली में प्रति दस लाख जनसंख्या पर मुंबई, चेन्नई, कोलकत्ता और बेंगलुरू से कम मौत हुई हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने सभी जिलों के डीएम समेत स्वास्थ्य मंत्री व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिकारियों को एहतियातन सरकारी अस्पतालों में बेड़ों की संख्या बढ़ाने संबंधी निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा, कोरोना वायरस के कारण सभी मेट्रो शहरों के मुकाबले सबसे कम मौत दिल्ली में हुई हैं। मुंबई में प्रति दस लाख जनसंख्या पर 831, चेन्नई में 518, कोलकत्ता में 503, बेंगलूरू में 408 मरीजों की मौत हुई हैं। जबकि दिल्ली में प्रति दस लाख जनसंख्या पर 338 मौत हुई हैं।

## दिल्लीवासी कोराना, प्रदूषण और धुएं की चादर से बेहाल

**नई दिल्ली** ■ संवाददाता

राजधानी के लोग कोरोना वायरस के दिन प्रतिदिन रिकार्ड तोड़ नये मामलों और दमघोंटू अबोहवा के प्रदूषण 'जहर' की वजह से पहले ही काफी दिक्कतों का सामना कर रहे थे अब आसमान में धुएं जैसी चादर ने और बेहाल कर दिया है।



बुधवार को दोपहर बाद से आसमान को धुएं की घनी चादर छायी रही जिससे दृश्यता पर भी असर पड़ा। गुरुवार की सुबह भी यही हाल नजर आया।

दिल्ली की हवा आज 'बेहद खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में रही है। कल सुबह दिल्ली में हवा की गुणवत्ता में आंशिक सुधार से कुछ राहत मिली थी किंतु चंद घंटों में ही यह गायब हो गई और हवा पहले से भी अधिक दूषित हो गई।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) के अनुसार आज सुबह आर.के. पुरम में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 451 रहा। लोधी रोड पर यह 394, आईजीआई एयरपोर्ट पर 440 और द्वारका में 456 था।

मानकों के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के मध्य 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बेहद खराब' और 401 से 500 के मध्य 'गंभीर' माना जाता है।

उधर दिल्ली सरकार ने माना है कि राजधानी में कोरोना वायरस की तीसरी लहर चल रही है। त्योहारों के कारण बाजार में भीड़ है और सरकार के बार-बार आग्रह और मास्क नहीं पहनने और कोरोना के अन्य प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर चालान काटे जाने के बावजूद लोगों की लापरवाही जारी है।

बुधवार के आंकड़ों में दिल्ली में 6842 नये मामलों के साथ कुल संक्रमितों का आंकड़ा चार लाख नौ हजार 938 पर पहुंच गया है। इस महामारी से अभी तक 6703 लोगों की जान ले चुकी है और 37,369 सक्रिय मामले हैं।

## दिल्ली जल्द 'कोरोना राजधानी' बन सकती है: उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 मरीजों की बढ़ती संख्या पर नाखुशी जताते हुए बृहस्पतिवार को टिप्पणी कि दिल्ली जल्द ही 'देश की कोरोना राजधानी' बन सकती है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार महामारी के मामले में पूरी तरह से गलत रास्ते पर चली गई है।




पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों के स्वास्थ्य को हल्के में ले रही है और इस मामले को अलग से देखा जाएगा। अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सबसे अधिक जांच करने सहित कई दावे किए हैं, लेकिन कोविड-19 मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। पीठ ने कहा, शहर जल्द ही देश की कोरोना राजधानी बन सकता है। इसके लिए तेजी से बढ़ते मामले जिम्मेदार हैं। हम इस मामले को गंभीरता से लेंगे। अदालत ने यह टिप्पणी उत्तरी दिल्ली नगर निगम के डॉक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ, सफाई कर्मचारियों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त इंजीनियरों एवं अन्य कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं करने को लेकर दायर की गईं कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

## पानी के दुरुपयोग पर लगेगा रोजाना जुर्माना

▶ पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी

**नई दिल्ली** ■ विशेष संवाददाता

दिल्ली जल बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की बर्बादी रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किया है और कहा है कि गलती करने पर रोजाना के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। जल बोर्ड का कहना है कि चौबीस घंटे पानी का ये मतलब नहीं है कि कोई भी व्यक्ति पानी का दुरुपयोग करे।

दिल्ली जल बोर्ड के मुताबिक, पानी की बर्बादी या दुरुपयोग के लिए पहली गलती पर स्पेशल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा 2000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। गलती बार-बार की जाने पर 500 रुपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जा सकता है। पानी की बर्बादी की श्रेणी में छत की टंकियों से लगातार पानी का ओवरफ्लो होना, पाइप से गाड़ियां धुलना इत्यादि आते हैं। घरेलू पानी का कनेक्शन लेकर उसे गैर-घरेलू काम में उपयोग करने वाले लोगों पर भी पहली गलती के लिए 1000 रुपये और उसके बाद अगर ये गलती बार-बार होती है तो 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जा सकता है।



दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने जल बोर्ड के प्रवर्तन अधिकारियों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को एक अहम बैठक की, जिसमें उन्होंने पानी की बर्बादी या दुरुपयोग को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। चड्ढा ने कहा, जब तक हमारे अधिकारी इसे लेकर सतर्क नहीं होंगे, तब तक उपभोक्ताओं तक इस संदेश को पहुंचाना मुश्किल होगा।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को पिछले साल काफी कम चालान काटे जाने पर फटकार लगाते हुए कहा, लोगों में ये संदेश मजबूती के साथ पहुंचाना जरूरी है कि दिल्ली जल बोर्ड अब पानी की बर्बादी या अवैध कनेक्शन बर्दाश्त नहीं करेगा।

गलती करने वाले 1-2 लोगों की सजा पूरे समाज को भुगतनी पड़ती है, दिल्ली जल बोर्ड अपने उपभोक्ताओं को ऐसे लोगों की वजह से परेशानी उठाने नहीं देगा। सीवर में गंदगी या कचरा बहाने से सीवर बंद हो जाते हैं और 1-2 लोगों की गलती का नुकसान काफी लोगों को उठाना पड़ता है, सीवर में कचरा बहाने वालों पर त्वरित कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाए।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष ने प्रवर्तन अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल बोर्ड 1 महीने का सतर्कता अभियान चलाएगा, जिसकी रूपरेखा तैयार की जाए। उन्होंने कहा, इस अभियान में हम उन सभी इलाकों में अपनी टीम भेजेंगे, जहां जल बोर्ड के नियमों का ज्यादा उल्लंघन हो रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य सिर्फ चालान काटना ही नहीं होगा, बल्कि हमें लोगों में पानी के सही उपयोग को लेकर जागरूकता भी फैलानी है।

## हमें बस मेहनत करते रहने की जरूरत है: आदेश गुप्ता



**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां

आईपी एक्सटेंशन में आयोजित भारतीय मजदूर एवं किसान संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगडी की जन्म शताब्दी समारोह में आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता ऋचा पांडे मिश्रा, जिलाध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, निगम पार्षद अपर्णा गोयल, राकेश कुमार सहित जिले व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक दत्तोपंत ठेंगडी जी का मानना था कि सामाजिक समरसता समाज की एकाग्रता के लिए जरूरी है। उन्होंने देश में स्वदेशी की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में भी कार्य किए। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए आपदा में अवसर को ढूंढा और वोकल फॉर लोकल की अपील की, जो देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिसका उदाहरण हमें रक्षाबंधन के दौरान मिला जब बहनों ने स्वदेशी राखी बनाई और उसे बेचा, और इससे देश को मुनाफा भी हुआ। आदेश गुप्ता ने राकेश कुमार द्वारा शुरू किया गया गौसंवर्धन कार्यों को सराहनीय और प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि जब हम किसी कार्य की शुरुआत करते हैं तो वह शुन्य से ही शिखर की ओर बढ़ता है। गौसंवर्धन केंद्र ने आपदा के समय महिलाओं को काम देने का जो नेक कार्य किया है वह अनुकरणीय है। हमें पूरा विश्वास है कि जैसे ही इन कार्यों का विस्तार होगा, और भी लोग इसे जुड़ेंगे जिससे गौसंवर्धन केंद्र को तरक्की मिलेगी।

### दिल्ली: कोरोना के 6,715 नये मामले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को फिर से रिकॉर्ड 6,715 नये मामले दर्ज किये गये जिससे संक्रमितों की संख्या 4.10 लाख के करीब पहुंच गयी। पिछले सप्ताह पांच दिनों तक रिकॉर्ड पांच हजार से अधिक मामले सामने आने के बाद सोमवार को नये मामलों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या में इजाफा हुआ जिससे सक्रिय मामलों में भी गिरावट दर्ज की गयी।


## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि राजस्थान में गुर्जर आंदोलन के कारण निम्नलिखित यात्री स्पेशल रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण निम्नानुसार किया जाएगाः–

**स्पेशल रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | निरस्तीकरण की तिथि (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 02059 कोटा – हज़रत निज़ामुद्दीन जन शताब्दी विशेष रेलगाड़ी | 06.11.2020 |
| 02060 हज़रत निज़ामुद्दीन – कोटा जन शताब्दी विशेष रेलगाड़ी | 06.11.2020 |
| 02402 कोटा – देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी | 06.11.2020 |

नोटः किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलवे पूछताछ सं. 139 या भारतीय रेल की वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करें

सुरक्षा हेल्पलाइन नं० 182

इंटीग्रेटेड हेल्पलाईन नं० 139

पर हमें फॉलो करें

2451/2020

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**Statement Of Unaudited Financial Results For The Quarter And Half Year Ended September 30, 2020** (₹ in Rs)

| Sl. No. | Particulars | For the Quarter Ended on 30-09-2020 | For the Quarter Ended on 30-06-2020 | For the Quarter Ended on 30-09-2019 | For the Half Year Ended on 30-09-2020 | For the Half Year Ended on 30-09-2019 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1,25,000 | 1,25,000 | 4,94,410 | 2,50,000 | 5,46,908 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) | 21,542 | 788 | 3,66,553 | 22,330 | 3,72,406 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 21,542 | 788 | 44,413 | 22,330 | 50,266 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 18,422 | 788 | 37,278 | 19,210 | 43,131 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 14,61,747 | 25,76,669 | (6,55,618) | 40,38,416 | (38,78,272) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24,90,000 | 24,90,000 | 24,90,000 | 24,90,000 | 24,90,000 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | |
| | 1. Basic | 0.07 | 10.35 | 0.15 | 0.08 | 0.17 |
| | 2. Diluted | 0.07 | 10.35 | 0.15 | 0.08 | 0.17 |

NOTES :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 05th November, 2020.The financial results for the quarter and Six Months ended September 30,2020 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange websites. (URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Place : New Delhi
Date: 05th November 2020



**AAR COMMERCIAL COMPANY LIMITED**

I – 7, JANGPURA EXTENSION, NEW DELHI - 110014
Tel: 011-41645392; Mobile: 8017563471
Website: www.aarccl.in
E-mail ID: investors.commercial@rediffmail.com
CIN: L63090DL1982PLC354818

**NOTICE**

Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 & 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, 11th November, 2020 at 12:30 P.M. inter alia, to transact the following important business:

1. To consider and approve the Unaudited Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September 2020 along with Limited Review Report of Statutory Auditor.

For AAR COMMERCIAL CO LTD
Anupam Khetan
Director
DIN: 07003797

Place: New Delhi
Date: 05.11.2020



**MFL INDIA LIMITED**

CIN: L63040DL1981PLC012730
Regd Address: 94 94/4, UG-F, UG-9 VILLAGE PATPARGANJ, DELHI East Delhi -110091
Email: mfldelhi81@gmail.com, Phone No: 011-32676756

**Notice**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 & 52 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Obligation"). Notice hereby given that a meeting of the Board of Director of the Company is scheduled to be held on Friday, November 13, 2020 at 11:30 A.M, inter alia, to consider and approve the unaudited Financial Result of the Company for the quarter and half year ended September 30th, 2020 and appointment of company secretary.

The above detail can be viewed on the website of company www.mflindia.com as well as on www.bseindia.com .

For MFL India Limited
Sd/-
Anil Thukral
Managing Director
DIN: 01168540

Place : Delhi
Date : 05.11.2020



**GALLANTT ISPAT LIMITED**

Regd. Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014
Telefax: 011-41645392; www. gallantt.com; E-mail: nitesh@gallantt.com;
CIN: L27109DL2005PLC350523

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE & CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2020**

(₹ in Lakhs, except EPS)

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE RESULTS | | | | | | CONSOLIDATED RESULTS | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.09.2020 Unaudited | Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Quarter ended 30.09.2019 Unaudited | Half-Year ended 30.09.2020 Unaudited | Half-Year ended 30.09.2019 Unaudited | Year ended 31.03.2020 Audited | Quarter ended 30.09.2020 Unaudited | Quarter ended 30.06.2020 Unaudited | Quarter ended 30.09.2019 Unaudited | Half-Year ended 30.09.2020 Unaudited | Half-Year ended 30.09.2019 Unaudited | Year ended 31.03.2020 Audited |
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 22,172.24 | 18,176.47 | 22,646.34 | 40,348.71 | 53,800.16 | 1,05,619.29 | 22,172.24 | 18,176.47 | 22,646.34 | 40,348.71 | 53,800.16 | 1,05,619.29 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and /or Extraordinary Items) | 1,179.61 | 2,297.11 | (454.37) | 3,476.72 | 2,359.58 | 6,488.19 | 1,179.61 | 2,297.11 | (454.37) | 3,476.72 | 2,359.58 | 6,488.19 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, after Exceptional and /or Extraordinary Items) | 1,179.61 | 2,297.11 | (454.37) | 3,476.72 | 2,359.58 | 6,488.19 | 1,179.61 | 2,297.11 | (454.37) | 3,476.72 | 2,359.58 | 6,488.19 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 1,036.84 | 1,659.48 | (397.81) | 2,696.32 | 2,110.25 | 5,812.42 | 1,036.84 | 1,659.48 | (397.81) | 2,696.32 | 2,110.25 | 5,812.42 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,039.85 | 1,662.50 | (393.51) | 2,702.34 | 2,118.83 | 5,824.46 | 1,246.12 | 1,654.66 | (304.78) | 2,900.77 | 2,534.18 | 6,068.11 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 | 2,823.61 |
| 7. | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | | | | | | | | | | |
| | 1. Basic: | 0.37 | 0.59 | (0.14) | 0.95 | 0.75 | 2.06 | 0.44 | 0.58 | (0.11) | 1.03 | 0.89 | 2.14 |
| | 2. Diluted: | 0.37 | 0.59 | (0.14) | 0.95 | 0.75 | 2.06 | 0.44 | 0.58 | (0.11) | 1.03 | 0.89 | 2.14 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2020 (UFR) filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the UFR is available on the website of BSE Limited – www.bseindia.com and National Stock Exchanges of India Limited – www.nseindia.com where the securities of the Company are listed and is also available on the website of the Company – www.gallantt.com
2. The above Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective Meetings held on 4th November, 2020. UFR have been subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company.
3. Previous period / year figures have been rearranged / regrouped, reclassified and restated wherever considered necessary.

For and on behalf of the Board of Directors
GALLANTT ISPAT LIMITED
C.P. Agrawal
Chairman & Managing Director
(DIN: 01814318)

Date: 4th November, 2020
Place: New Delhi